**प्रतियोगिता** | जिला फुटबॉल संघ के फाइनल में रेलवे ने रजक एफसी को 3-1 से हराया

# रीतू राज के दो गोल से रेलवे एफसी बना चैंपियन







**नवभारत,जबलपुर।** जिला फुटबॉल संघ द्वारा मान्यता प्राप्त गौरव मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रेलवे एफसी और रजक एफसी के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश अग्रवाल ने खिलाड़ियों का परिचय कराया। फाइनल मैच में विशेष अतिथि के रूप में शिव रजक, शंकर रजक, महादेव लक्ष्मी और नारायण मौजूद रहे। मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने गोल करने का प्रयास किया, लेकिन खेल के 10वें मिनट में रजक के प्राची ने आत्मगोल कर रजक को बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक स्कोर 1-0 रजक के पक्ष में रहा।

### विजेता को मिली 21,000 रुपये की पुरस्कार राशि

रेलवे एफसी विजेता बनी और 21,000 रुपये पुरस्कार राशि प्राप्त की, जबकि उपविजेता रजक एफसी को 11,000 रुपये दिए गए। फाइनल मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार रेलवे के सुब्रतो को घोषित किया गया। हर मैच के बेस्ट खिलाड़ी को विशेष पुरस्कार और हारने वाली टीम को रजक फुटबॉल द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में पूर्व खिलाड़ी लक्ष्मी नारायण, सूरज रजक, मोहन लाल, एस. चक्रवर्ती, चंद्रा मालिक, एस. एच. ए. नकवी, अजय डेविड, उत्तम कुमार, यशवंत राव, राजेंद्र पिल्ले और रामफल रजक का विशेष योगदान रहा। निर्णायक मंडल में जॉन बास्को, ज्वाला, कुलदीप, भानू और रोहित शामिल थे।

### रेलवे ने बदली रणनीति और की वापसी

मध्यांतर के बाद रेलवे ने रणनीति बदलकर खेलना शुरू किया। खेल के 60वें मिनट में दीपक ने पेनाल्टी गोल कर स्कोर बराबर किया (1-1)। 66वें मिनट में रीतू राज ने दूसरा और 83वें मिनट में तीसरा गोल कर रेलवे को 3-1 की निर्णायक बढ़त दिलाई। रजक एफसी ने गोल करने का प्रयास जारी रखा, लेकिन सफलता नहीं मिली।





# रंग पंचमी पर शहर में दिवाली सा जश्न

▸ टी-20 वर्ल्ड कप जीत पर शहर में जबरदस्त आतिशबाजी



**नवभारत,जबलपुर।** टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत की जीत के बाद जबलपुर शहर में दिवाली जैसा माहौल देखने को मिला। मैच खत्म होते ही सड़कों पर फैंस तिरंगा लेकर निकल पड़े और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठा। शहर के मालवीय चौक, कमानिया गेट सहित शहर की कई गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में लोगों ने बड़ी स्क्रीन और टीवी लगाकर मैच का आनंद लिया। जैसे ही टीम इंडिया ने जीत दर्ज की, लोगों ने नाच-गाकर और पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया। इसके साथ ही खेल प्रेमियों का उत्साह पूरे मैच के दौरान देखने को मिला। शाम से ही सबकी निगाहें मैच के स्कोर पर रही लोग टीवी और मोबाइल पर फाइनल मुकाबला देखने में जुटे रहे। स्टेडियम से लेकर घरों और सोशल मीडिया तक हर तरफ भारत की जीत की ही चर्चा रही। टीम इंडिया की जीत के बाद देर रात तक जश्न का सिलसिला चलता रहा। जीत के जश्न की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल होते रहे।

## जबलपुर के आशीष ने जीता रजत पदक



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर के कराटे खिलाड़ी आशीष तिवारी ने 5वीं कियो नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक (सिल्वर मेडल) हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 26 फरवरी से 1 मार्च तक नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई, जिसमें देशभर के खिलाडियों ने भाग लिया था। आशीष तिवारी वर्तमान में भोपाल स्थित मध्य प्रदेश राज्य कराटे अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जहाँ उन्हें प्रतिभावान और अनुभवी कोच कुलदीप कांदिल और दीपक नरवरिया का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। आशीष का गृह नगर जबलपुर है, जहाँ उन्होंने कराटे की शुरुआती ट्रेनिंग बंगाली क्लब में कोच महेंद्र सोनकर और भगवान दास काछी के निर्देशन में प्राप्त की। आशीष तिवारी की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता कैलाश तिवारी और भारती तिवारी, आशु तिवारी सहित परिजनों और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। सभी ने उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अंडर-18 प्रतियोगिता में जबलपुर ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

▸ संभागीय क्रिकेट में युवा और बालिका खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 7 मार्च 2026 से एमपीसीए स्टेडियम नीमखेड़ा में किया गया। 8 मार्च को हुए मैच में जबलपुर जिले ने मंडला जिले को 84 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 216 रनों का स्कोर बनाया। मलय लोहिया ने 65 और राघव चौधरी ने 25 रनों की पारियों में टीम को मजबूत स्थिति में रखा। जबलपुर की गेंदबाजी ने भी शानदार प्रदर्शन किया; मलय लोहिया और हिमांक तिवारी ने 4-4 विकेट लिए। 9 मार्च को जबलपुर और सिवनी जिले के बीच पहला सेमीफाइनल मैच प्रातः 9 बजे से खेला जाएगा।

### ट्रायल में 80 बालिकाओं ने लिया भाग

जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा बालिका वर्ग (15 और 18 वर्ष) एवं सीनियर बालिका वर्ग की जिला टीम चयन प्रक्रिया 8 मार्च 2026 को आयोजित की गई। इस ट्रायल में 80 बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें बालिका वर्ग 15 से 15 खिलाड़ियों का चयन, बालिका वर्ग 18 से 38 उपस्थित में से 22 का चयन एवं सीनियर बालिका वर्ग से 15 खिलाड़ियों का चयन हुआ। चयन प्रक्रिया में डॉ. प्रार्थना विश्वकर्मा, बमूशा मैडम, नीता केवट, मेघा जैन और श्रुति जैन ने भाग लिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खिलाड़ियों को क्रिकेट किट भी प्रदान की गई। मंच का संचालन पवन सिंघिया ने किया, जबकि संघ के सदस्य धर्मेश पटेल, सुकेश झा और प्रतीक्षा शर्मा उपस्थित रहे।

## अस्मिता लीग में 200 महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**नवभारत,जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जबलपुर के दादा ईश्वरदास रोहाणी खेल परिसर, रांझी मैदान में रविवार को अस्मिता लीग का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर मेरा युवा भारत और खेलो इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें शहर की करीब 200 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर-13, 13-18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ कराई गई। इसके साथ ही म्यूजिकल चेयर, नींबू रेस और बलून रेस जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मधुमीता हाजरा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डॉ. नीरज केशरवानी, खेलो इंडिया बॉक्सिंग कोच नुपूर पाण्डेय, एथलेटिक कोच शशि रमन सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

**आयोजन** | महिला दिवस के अवसर पर शहर में हुए विविध आयोजन

# महिलाएं केवल परिवार की नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की भी रीढ़




**नवभारत, जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेहरा समाज महासंघ ने हर्षोल्लास के साथ समारोह आयोजित किया। इस खास आयोजन का नेतृत्व प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती अंजू अशोक देहरिया ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रांतीय और जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने महिलाओं के सामूहिक सशक्तिकरण और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह की शुरुआत में, समाज की महिलाओं ने एकत्र होकर मातृशक्ति की गरिमा और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। महिलाओं ने इस अवसर का उपयोग अपने अनुभव साझा करने, समाज में महिलाओं की भूमिका और उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए किया। उपस्थित सभी ने मिलकर यह संदेश दिया कि महिलाएं केवल परिवार की नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की भी रीढ़ हैं।

### समाज की प्रगति में भी दें महत्वपूर्ण योगदान

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी और भविष्य में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने यह भी साझा किया कि सहयोग और सामूहिक प्रयास से महिलाएं न केवल अपने जीवन में बल्कि समाज की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। इस आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि मातृशक्ति और सशक्तिकरण का प्रतीक है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर एन के दस, तारा दास, मणि मेहरा, हेमलता मेहरा, मेनका डेहरिया, विशाखा झारिया, रंजना हनोतिया, रानी, अनीता सहित मेहरा समाज महासंघ राष्ट्रीय प्रान्ति और जिले की मातृशक्ति उपस्थित रही ।

### इनका कहना है



महिला दिवस के अवसर पर समाज के सभी महिलाएं एक मंच पर एकत्र होकर बहुत प्रेरित महसूस कर रही हैं। यह दिन हमें अपने अधिकारों और सामाजिक योगदान को पहचानने का अवसर देता है।

**राखी डेहरिया**




महिला दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से हम समाज में अपने योगदान को और मजबूत कर सकते हैं।

**अनीता मेहरा**



इस प्रकार के कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को बढ़ाते हैं। महिला होने के नाते हमारी जिम्मेदारियाँ बड़ी हैं।

**रंजना हनौतिया**



मैं बहुत खुश हूँ कि इस समारोह में भाग लेकर समाज की अन्य महिलाओं से जुड़ने का अवसर मिला। यह हमें यह याद दिलाता है कि हमारी आवाज़ और हमारी पहचान कितनी महत्वपूर्ण है।

**अंजना सोलहा**

### महिला दिवस पर कैंसर-थैलेसीमिया जागरूकता के लिए निकली रैली



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीतो लेडीज़ विंग द्वारा कैंसर और थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और यामिनी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस रैली में 150 से अधिक कारों ने भाग लिया और महिलाओं ने शहर में विभिन्न मार्गों से गुजरकर स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। समापन कार्यक्रम में डॉ. श्रद्धा पाठक, डॉ. राखी बाजपेई, डॉ. निधि जैन और डॉ. रीति सेठ ने ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर पर व्याख्यान देते हुए शुरुआती लक्षण, जांच और बचाव की जानकारी दी। जीतो लेडीज़ विंग की अध्यक्षा विनीता बड़कुल और सचिव नीलिमा जैन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। आयोजन में जीतो जबलपुर चैप्टर, यूथ विंग और सक्षम संगठन का भी सहयोग रहा।

### रंग पंचमी व महिला दिवस पर आयोजित हुई श्रीविका रीजन कॉन्फ्रेंस



रंग पंचमी और महिला दिवस के अवसर पर रजवाड़ा होटल में श्रीविका रीजन-9 कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल, गेस्ट ऑफ ऑनर पीडीजी लायन राजीव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि पीडीजी लायन नरेंद्र जैन और सम्मेलन प्रमुख रीजन चेयरपर्सन लायन श्रद्धा साहू उपस्थित रहीं। रीजन चेयरपर्सन श्रद्धा साहू ने जुलाई से अब तक किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा करते हुए क्लबों को सम्मानित किया और सदस्यता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लायन मीना गुप्ता ने ध्वज वंदना, लायन संध्या जैन ने आभार प्रदर्शन और लायन नीलम खरे ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में पद्मश्री बी.के. जैन को श्रद्धांजलि दी गई।

### 'स्वस्थ महिला-सशक्त महिला' का दिया संदेश



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बडेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट एवं अपोलो हॉस्पिटल, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वस्थ महिला-सशक्त महिला' विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सुरक्षा एवं सफाई महिला कर्मियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता कैंसर विशेषज्ञ डॉ. के. सिवा स्री ने स्तन कैंसर के लक्षण, समय पर जांच और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा उड्के, महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. वंदना पाठक, डॉ. शिल्पा अग्रवाल, प्रियंका सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बालिकाओं को वितरित की उपयोगी सामग्री



अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकुमारी बाई बाल निकेतन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निवासरत लगभग 35 बालिकाओं को दैनिक उपयोग की पाठ्य सामग्री, नमकीन, चिप्स, तेल और साबुन का वितरण किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पाण्डेय, महामंत्री सतीशचंद्र हीरा तथा मध्यप्रदेश मानव अधिकार समिति के अध्यक्ष पवन जैन (सेठजी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में प्रजाये पोषण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूजा सोनी (बाल कल्याण अधिकारी) सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पाण्डेय ने संजय शुक्ला को उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए प्रदेश में समिति के मंच पर नई जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा भी की। साथ ही प्रदेश में कृष्णा (गगन) मिश्रा, देवमणि शर्मा को महामंत्री तथा एड. राजेंद्र मिश्रा को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया।

### आदिवासी महिलाओं का किया सम्मान



पूर्व मंत्री कौशल्या गोटियां के संयोजन में आदिवासी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं ने घरेलू महिलाओं को रोजगार और व्यवसायिक अवसर प्रदान कर परिवार और समाज को सशक्त बनाया। सम्मानित महिलाओं में डॉ. अंकिता गोटियां, डॉ. एडलीन अब्राहम, डॉ. रेणु पांडे, डॉ. अर्चना सिंह, छाया जैन, पूजा गोटियां, माधवी कोल, जयंती कोल, ऋतु कोल, माया कोल, साधना जैन, कौशल्या ठाकुर, लता कोल, प्रिया कोल, अंजू कोल शामिल रहे। कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की होली खेली, और कमलेश यादव ने सभी को शाल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

### जीआरपी ने किया महिलाओं का सम्मान



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जबलपुर रेलवे स्टेशन पर एक सराहनीय पहल देखने को मिली जीआरपी जबलपुर की थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर स्टेशन परिसर में कार्यरत और यात्रा कर रही महिलाओं को गुलाब भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीआरपी टीम ने महिला यात्रियों, महिला सफाई कर्मचारियों, ड्यूटी पर तैनात महिला स्टाफ, महिला कुलियों और स्टेशन परिसर में विभिन्न जिम्मेदारियां निभा रही महिलाओं को गुलाब देकर महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। अचानक मिले इस सम्मान से सभी महिलाओं के चेहरे खिल उठे और स्टेशन का माहौल भी उत्साह से भर गया थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने कहा कि महिला दिवस के मौके पर एक महिला द्वारा दूसरी महिलाओं का सम्मान करना उनके लिए बेहद गर्व और खुशी का विषय है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर जिम्मेदारी निभा रही हैं। चाहे वह घर हो, कार्यस्थल हो या समाज की सेवा का क्षेत्र।